प्रेस विज्ञप्ति

<u>औद्योगिक संस्थान में यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम</u>

दिनांकः-27.04.2023

श्रीमान रविदत गौड़ पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशन में श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर, श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में दिनांक 27.04.2023 को श्री बंशीलाल निरीक्षक पुलिस यातायात श्री हनुमानसिह हैडकानि 1201 यातायात शिक्षा प्रभारी मय टीम द्वारा पीपीटी के माध्यम से वरूण बेवरेज प्रा.लि. (पेप्सी) बोरानाडा जोधपुर में यातायात नियमों की पीपीटी तथा हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान सड़क दुर्घनाओं के कारणों को बताते हुए इसमें कमी लाने हेतु सुझाव बताये। एक व्यक्ति के जीवन की महता को बताते हुए हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने इत्यादि की जानकारी दी। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद व त्वरित अस्पताल पहुंचाने वाले गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) की माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों को बताते हुए ''मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना'' के तहत गुड सेमेरिटन को प्रशसाा-पत्र व 5000/- रूपये प्रोत्साहन राशि देने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।सभी औद्योगिक कर्मचारियों को यातायात नियमों के पेम्पलेट्स वितरित किये गये।

कार्यक्रम के अन्त श्री प्लान्ट मैनेजर श्री मनोज कुमार सिंह तथा एचआर मैनेजर श्रीमती शिजी कुरियन द्वारा सभी औद्योगिक कर्मचारियों द्वारा यातायात नियमों की शत् प्रतिशत पालना करने का विश्वास दिलाते हुए प्रेरणादायी यातायात जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसाा के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।

(चैनसिंह महेचा)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, आयुक्तालय जोधपुर

डर के आगे जीत है
pepsi
STING

ROAD SAFETY AWARENESS
2023
AIM
ZERO
pepsi

ROAD SAFETY AWARENESS
2023
AIM
ZERO
INCIDENT
MORE
FIZZ

Varun Beverages Limited Jodhpur
यातायात पुलिस, पुलिस कमिश्नरेट
जोधपुर
यातायात शिक्षा एवं
जन जागरुकता कार्यक्रम